राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की राष्ट्रपति से मुलाकात

राष्ट्रपति ने संविधान पार्क की पहल को दूसरे प्रदेशों के लिए अनुकरणीय बताया

जयपुर, 22 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। राष्ट्रपति से राज्यपाल श्री मिश्र की यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति से संवाद के दौरान संवैधानिक जागरूकता के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों और राजभवन में बन रहे संविधान पार्क के बारे में उन्हें जानकारी दी। राष्ट्रपति ने राजस्थान में इस पहल को देशभर अनूठा और दूसरे प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि देश में राजस्थान पहला प्रदेश होगा जहां राज्यपाल के स्तर पर यह कार्य किया गया है।